उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 16.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 16.04.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।







@MahobaPolice

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 16.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः-16.04.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया, जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 16.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना अजनर पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार –

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों को शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक- 16.04.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अजनर श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित की गई उ0नि0 राजेश कुमार, उ0नि0 आकाश मौर्य मय हमराह कां0 अजय सोनकर व कां0 विक्की चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त हर्षवर्धन राजपूत उर्फ हर्ष पुत्र सतेन्द्र राजपूत उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम महुआबांध थाना अजनर महोबा जिसके कब्जे से 01 सफेद प्लास्टिक की बोरी में 24 कैन बियर किंगफिशर ब्राण्ड नाजायज शराब बरामद करते हुए अकौनी मोड़ के पास बहद ग्राम अकौनी से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 82/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार अभियुक्त –

हर्षवर्धन राजपूत उर्फ हर्ष पुत्र सतेन्द्र राजपूत उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम महुआबांध थाना अजनर जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 राजेश कुमार
2. उ0नि0 आकाश मौर्य
3. कां0 अजय सोनकर
4. कां0 विक्की चौधरी



## थाना कबरई की पुलिस टीम ने 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों को शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर, श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 नरेशचन्द्र निगम मय हमराह कां0 अंकित कुमार पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 115/25 धारा 76/331(6) बीएनएस थाना कबरई से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त रतन प्रजापति पुत्र बालादीन प्रजापति उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम बरबई थाना कबरई जनपद महोबा को ग्राम बरबई थाना कबरई के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 नरेशचन्द्र निगम
2. कां0 अंकित कुमार पटेल

### गिरफ्तार अभियुक्त–

रतन प्रजापति पुत्र बालादीन प्रजापति उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम बरबई थाना कबरई जनपद महोबा



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 16.04.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत अग्निशमन टीम महोबा द्वारा "अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह" के अंतर्गत चलाया जागरुकता अभियान, मॉकड्रिल में सिखाये आग बुझाने के तरीके, वितरित किये गये जागरुकता पम्पलेट्स...।

ग्रीष्मऋतु के दृष्टिगत शासन द्वारा चलाये जा रहे **"अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह"** के अंतर्गत आग से बचाव हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन पर आज दिनांक- 16.04.2025 को प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्री देवेश तिवारी के निकट पर्यवेक्षण में फायर सर्विस टीम महोबा द्वारा जनपद महोबा में तहसील सदर, चरखारी एवं कुलपहाड में अवस्थित व्यवसायिक संस्थान होटल, रेस्टोरेंट, पेट्रोल पंप एवं शिक्षण संस्थानों में जाकर वहाँ लगे अग्निशमन उपकरणों को चेक किया गया तथा वहाँ मौजूद स्टाफ को अग्निशमन उपकरण चलाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया एवं संबंधित को अग्निशमन व्यवस्था से संबंधित उपकरणों को स्थापित किये जाने एवं उन उपकरणों को सदैव क्रियाशील रखने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान आग बुझाने के विभिन्न तरीकों को मॉकड्रिल के माध्यम से बताया गया एवं सभी को अग्निसुरक्षा से बचाव हेतु जागरुक करते हुए जागरुकता पम्पलेट्स का वितरण किया गया।







## थाना कोतवाली नगर की पुलिस टीम ने 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों को शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 16.04.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर, श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर श्री अर्जुन सिंह के द्वारा गठित की गई उ0नि0 सनय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 172/25 धारा 69/352/351(2) बीएनएस व 3(1)द,3(1)ध,3(2)5क,3(2)5 SC/ST ACT से सम्बन्धित 01 नफर वाँछित अभियुक्त नरेश कुमार पाल पुत्र अरविन्द कुमार पाल उम्र 19 वर्ष निवासी मो0 शेखूनगर थाना कोतवाली नगर जनपद महोब को राठ चुंगी रामनगर थाना कोतवाली नगर के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

नरेश कुमार पाल पुत्र अरविन्द कुमार पाल उम्र 19 वर्ष निवासी मो0 शेखूनगर थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 सनय कुमार चौकी प्रभारी मनियादेव
2. कां0 धर्मेन्द्र सिंह

